सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शनिवार, 15 अगस्त 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

# करणपुर कलां में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा, उमड़ा जनसैलाब।



संवाददाता गगन कुमार बुलंदशहर/अनूपशहर:स्वतंत्रता दिवस के पावन उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जनपद बुलंदशहर की अनूपशहर विधानसभा की ग्राम पंचायत करणपुर कलां में राष्ट्रभक्ति का एक अद्भुत और ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। यहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं, राष्ट्रभक्तों और भारी संख्या में एकत्रित हुई जनता द्वारा अत्यंत जोश और उत्साह के साथ एक भव्य, दिव्य और जोरदार तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथियों द्वारा उद्घाटन व पुष्प वर्षा से स्वागत:कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता हर्ष चौहान एवं चीनी मिल के चेयरमैन हरिराज सिंह रहे। मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तिरंगा यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा जैसे ही ग्राम पंचायत करणपुर कलां के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, स्थानीय गाँव वासियों ने अपने घरों और छतों से भारत माता की जयकारों के साथ पूरी यात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।मातृशक्ति और युवाओं का जोरदार प्रदर्शन:इस तिरंगा यात्रा की मुख्य विशेषता क्षेत्र की मातृशक्ति, युवा साथियों और बुजुर्गों की भारी and सक्रिय भागीदारी रही। सभी वर्गों ने मिलकर यात्रा में अपना पूरा सहयोग दिया।

## एक नज़र में

प्रेस नोट दिनांक 14 जुलाई, 2026संयुक्त नागरिक संगठन देहरादून के तत्वाधान में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हमारी समिति क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट को प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## प्रेस नोट दिनांक 14 जुलाई, 2026संयुक्त नागरिक संगठन देहरादून के तत्वाधान में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हमारी समिति क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट को प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया।



उक्त कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस की 79 वर्षगांठ की पूर्व बेला पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माननीय करतार सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर रखा गया था जिसमें देहरादून के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसी क्रम में क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट समिति द्वारा दिनांक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वृहद वृक्ष वितरण अभियान देहरादून प्रेम नगर बाजार में संपन्न किया जाएगा। समिति द्वारा वृक्षों वितरण कार्यक्रम में लगभग 500 से 600 वृक्षों का वितरण स्थानीय नागरिकों के लिए किया जाएगा।